आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

क्रमांकः एफ 8(विविध)अकाद/परीक्षाअवकाश/2015–16/31 दिनांकः13 फरवरी, 2019

प्राचार्य,
समस्त राजकीय महाविद्यालय,
(जहॉ परीक्षा केन्द्र स्थापित है)
राजस्थान।

विषयः आयोग द्वारा दिनांक 17.02.2019 से 20.02.2019 को वरिष्ठ अध्यापक (संस्कृत शिक्षा) प्रतियोगी परीक्षा 2018 हेतु महाविद्यालयों में शैक्षणिक अवकाश अवकाश घोषित किये जाने बाबत।

संदर्भः सचिव, राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर के पत्रांक प6(9)प.आ.'ख'/व.अ.सं.शि./2018–19/396–398 दिनांक 13.02.2019

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत सदंर्भित पत्र के क्रम में निर्देशानुसार लेख है कि राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर द्वारा आयोजित वरिष्ठ अध्यापक (संस्कृत शिक्षा) प्रतियोगी परीक्षा 2018 महाविद्यालयों में दिनांक 17.02.2019 से 20.02.2019 को समस्त जिला मुख्यालयों, उपखण्ड, तहसील पर आयोजित कराई जा रही है।

अतः निर्देशित किया जाता है कि वरिष्ठ अध्यापक (संस्कृत शिक्षा) प्रतियोगी परीक्षा 2018 के आयोजन हेतु जिन महाविद्यालयों में परीक्षा केन्द्र निर्धारित किया जाता है तो संबंधित महाविद्यालयों के प्राचार्य इन परीक्षाओं को कराने में सहयोग प्रदान करेंगे। दिनांक 17.02.2019 से 20.02.2019 को कार्य दिवस होने से परीक्षा कार्य को सुचारू रूप से सम्पन्न करवाने हेतु शैक्षणिक कार्य स्थगित रहेगा, परन्तु कार्यालय खुले रहेंगे व प्रशासनिक कार्य यथावत रूप से जारी रहेगा। महाविद्यालय के सभी शैक्षणिक/अशैक्षणिक कर्मचारी भी उक्त दिवसों में महाविद्यालय में उपस्थित रहेंगे। दिनांक 17.02.2019 को (रविवार) कार्य दिवस नहीं होने से प्राचार्य आवश्यकतानुसार शैक्षणिक व अशैक्षणिक कर्मचारियों को ड्यूटी पर उपस्थित होने के निर्देश प्रदान करें। उक्त कार्य दिवसों में हुए शैक्षणिक कार्य के व्यवधान को प्राचार्य अतिरिक्त कक्षाऍ लगवाकर पूर्ति करना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

(प्रदीप कुमार बोरड)
आयुक्त, कॉलेज शिक्षा एवं
विशिष्ट शासन सचिव,उच्च शिक्षा,
राजस्थान, जयपुर

क्रमांकः एफ 8(विविध)अकाद/परीक्षाअवकाश/2015–16/31 दिनांकः13 फरवरी, 2019

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. सचिव, राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर का पत्र क्रमांक प6(9)प.आ.'ख'/व.अ.सं.शि../2018–19/396–398 दिनांक 13.02.2019 के संदर्भ में।
2. निजी सचिव, आयुक्त कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
3. वेब प्रभारी, आयुक्तालय। कृपया आयुक्तालय की वेबसाइट पर अपलोड करने का श्रम करें।

13/02/19
(डॉ. आर0सी0मीना)
संयुक्त निदेशक(अकादमिक)